**खबर संक्षेप**

## काम करके घर लौट रहे देर रात युवक को दबंगों ने पीटा



**सतना।** बीती रात कोलगवां थाना क्षेत्र के मारुति नगर बरदाडीह इलाके में आधा दर्जन से ज्यादा दबंगों ने एक युवक को रोका और उसके साथ जमकर मारपीट की। युवक जान बचाने के लिए गुहार लगता रहा लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मारपीट की घटना का शिकार हुआ युवक किसी ढाबा में काम करता है और वह काम से फुर्सत होकर रात लगभग 1:00 बजे घर जा रहा था। बताया जाता है कि रास्ते में कुछ युवक मिल गये और उसे रोक लिया। सूत्र बताते हैं की मारपीट करने वाले दबंग युवक उससे पैसे की मांग कर रहे थे। नहीं देने के कारण युवक की दबंगों ने जमकर मारपीट की। दबंग से बचने के लिए युवक चिल्लाता रहा लेकिन आसपास के लोग दबंग से डर होने के कारण नहीं पहुंचे। देर रात घटना के बाद सुबह मारपीट करने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। खबर है कि इलाके के लोगों ने चुपचाप छत के ऊपर से मारपीट करने वालों का वीडियो बनाया और इन्हीं लोगों ने पुलिस को सूचना भी दी थी। जानकारी मिली है कि पुलिस को सूचना दी गई थी और पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने घायल युवक से थाने पहुंचकर घटना की शिकायत करने को कहा था।

## ट्रक चालक ने बोलेरो वाहन को मारी टक्कर

**कटनी।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मालवाहक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना कारित करने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने लगा जिसे राहगीरो द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार एन एच 30 मार्ग पर ट्रक चालक ने बुलेरो पिकअप वाहन को मारी जोरदार टक्कर दी जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि की सूचना नही मिली। वाहन चालक व कंडक्टर शीट मे बैठे युवक को चोट आई है जिसे नागरिको ने उपचार के अस्पताल भिजवाया गया।

## 6 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** जीआरपी थाना के प्रकरण क्रमांक 94/2019 अपराध क्रमांक 348/ 2017 धारा 328, 379, 411 भादवि के मामले में 6 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी राजेश अहिरवार पिता पप्पू अहिरवार 24 वर्ष निवासी गायत्री नगर वार्ड नंबर 6 गंजबासौदा जिला विदिशा को जीआरपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया। फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रधान आरक्षक देवेंद्र ठाकुर, आरक्षक अभिषेक सिंह, सलमान खांन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद नें जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों के साथ एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए है। विदित हो राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश में नागरिकों के आंतरिक आनंद की अनुभूति तथा परिपूर्ण आनंदमयी जीवन के लिए अल्पविराम कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिले में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान, कॉन्फ्रेंस रूम अथवा हॉल में किया जा सकेगा, जहाँ आपके द्वारा मूलभूत सुविधाएं यथा प्रोजेक्टर, व्हाइट बोर्ड, माईक, बैठने की व्यवस्था आदि हो। अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन जिला कटनी में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर एवं आनंदम सहयोगी द्वारा किया जावेगा।

# स्कूल वाहन में ठूंस ठूंस कर भरे थे बच्चे

## परमिट भी नहीं, आरटीओ ने जप्त किया वाहन



### स्कूल वाहनों की सघन जांच, बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़

आरटीओ संजय श्रीवास्तव द्वारा ओवर लोड स्कूली वाहन पकडने के लिये धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आरटीओ द्वारा बिरला रोड़ में चेकिंग लगाकर स्कूली वाहनों की जांच की गयी।

**सतना।**

आरटीओ के स्टाफ ने विद्यालयों के बच्चों को ले जाने वाले वाहनों को रुकवा कर उसमें स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बाक्स, इमर्जेंसी सेफ्टी डोर आदि की जांच की। इसके अलावा वाहन के परमिट, ड्राईविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, फिटनेस आदि कागजातों की भी जांच की। चेकिंग के दौरान बिरला रोड पर लगाये गये वेरीकेट्स के पास खड़ी आरटीओ की टीम एवं पुलिस कर्मियों ने स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक पिकअप वैन को पकड़ा। आरटीओ द्वारा ड्राईवर से वाहन के दस्तावेज, परमिट, रजिस्ट्रेशन आदि मांगे गये। जिसमें ड्राईवर द्वारा कोई भी कागज नहीं दिखाया गया। आरटीओ ने स्वतः इस पिकअप वैन पर चढ़कर देखा तो दंग रह गये। बिना परमिट पर सड़क पर दौड़ रहे वाहन में करीबन तीन दर्जन विद्यार्थी सवार थे। इनमें से करीबन आधा दर्जन विद्यार्थियों को खड़े होकर घर से विद्यालय तक लाये जाने पर आरटीओ ने पिकअप वैन के ड्राईवर को जमकर लताड़ा। आरटीओ ने उससे सवाल किया कि इस वाहन में कितनी सवारियों को बैठाने की अनुमति परिवहन विभाग द्वारा दी गयी है। परिवहन विभाग की अनुमति बगैर ओवर लोड वाहन चलाने पर लाइसेंस जब्त करने साथ नियमानुसार कार्यवाही की जाये। आरटीओ ने पिकअप वैन पर सवार बच्चों को नीचे उतरवाकर वाहन जब्त कर लिया। फिलहाल इसे थाना की सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया है। परिवहन अधिकारी के मुताबिक स्कूली बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। यही नहीं संबंधित



विद्यालय प्रबंधन पर भी मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जायेगी।

# अलग-अलग हादसों में छह लोग गंभीर रूप से हुए घायल

## संबंधित थानों की पुलिस ने शुरू की जांच, घायलों का अस्पताल में जारी है इलाज



**सतना।**

सोमवार को जिले में हुए अलग-अलग हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है संबंधित स्थान की पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक मझगवां थाना क्षेत्र के पटनी के समीप एक सड़क हादसा हुआ। बताया जाता है कि यहां अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल फिसल गई जिसकी वजह से बाइक सवार को गंभीर चोटें आई हैं। घायल को इलाके के लोगों की मदद से एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सको ने उसका इलाज किया। यहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल का नाम दीपक मवासी पिता अच्छेलाल मवासी उम्र 35 वर्ष निवासी पटनी थाना मझगवां है।



### दो मोटरसाइकिलों में सीधी टक्कर



कोलगवां थाना अंतर्गत आरएस रिजॉर्ट के सामने दो बाइकों में हुई जोरदार भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी को स्थानीय नागरिकों की मदद से एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

इसी प्रकारअमरपाटन थाना के मौहारी गांव के पास कार ने मोटरसाइकिल सवार को सामने से टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार सुरसरी प्रसाद शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अमरपाटन के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है पुलिस ने कार जप्त कर ली है चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### मजदूर को लगा करंट हालत गंभीर

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के जयस्तंभ चौक में निर्माणधीन बिल्डिंग में काम कर रहे मजदूर को ग्यारह हजार बोल्ट का करंट लग गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज किया जा



रहा है। आरोप है कि मकान में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी की गई है जिसकी वजह से मजदूर को करंट लगा है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

## एकेएस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण




**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना में मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष भरत शरण सिंह के मुख्य आतिथ्य में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत इस बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एकेएस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े, एकेएस विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अवनीश कुमार सोनी एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी एनएसएस संयोजक ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक मिश्रा,डॉ.रमा शुक्ला भी इस अवसर पर मौजूद रही।



# चोरी की इरादे से पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

## एक दिन पहले की थी ऑटो की चोरी पुलिस कर रही पूछताछ

**सतना।** बेला पुलिस चौकी अंतर्गत पगरा गांव में बीती रात घरों में चोरी करने के इरादे से आटो लेकर पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये आरोपी को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश किया। बेला चौकी प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जिस युवक को पकड़ कर चोरी के आरोप में हैण्डओवर किया गया है,उसका नाम दीपक उर्फ ठोकिया 37 वर्ष है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के एक दिन पहले एक आटो चुराया था। दूसरे दिन उसी आटो पर सवार होकर रात में पगरा गांव में चोरी करने रात को पहुंचा था। बताया गया है कि जिस समय आरोपी एक मकान में अंदर घुसने का प्रयास कर रहा था,तभी पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने उसे ऐसा करते देख लिया और दबे पैर घेराबंदी करके धर दबोचा। ग्रामीणों द्वारा आरोपी युवक को दो-चार तमाचे रसीद करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ चोरी के दो मामले कायम कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी दीपक पर आटो चुराने और घरों में सेंधमारी के आरोप में मुकदमा कायम किया गया है।

# शिकायतकर्ता से संपर्क करके शिकायत का निराकरण करें अधिकारी : कमिश्नर

**सतना।**



नगर निगम के कमिश्नर शेर सिंह मीणा ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यो को प्रमुखता से निपटने के निर्देश दिए।आयुक्त शेर सिंह मीणा ने निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के जिन भवनों का आवंटन शेष है उन भवनों के आवंटन की कार्यवाही शीघ्र की जाए। साथ ही जो भवन पूर्ण हो गए हैं और आवंटित हैं ऐसे भवनों का आधिपत्य हितग्राही को प्रदान किया जाए।आधिपत्य देते समय वह सुनिश्चित किया जाए कि भवन में समस्त आवश्यक सामग्रियां लगी हों। प्रधानमंत्री आवस योजना के बीएलसी घटक के 321 हितग्राहियों द्वारा अपने आवास पूर्ण नहीं किए गए हैं जबकि किश्तों का भुगतान हितग्राहियों को किया गया है। 25 हितग्राहियों जिन्होंने राशि प्राप्त होने के उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है,38 ऐसे हितग्राही हैं जिन्होंने आवास को फाउंडेंसन लेवल पर लाकर कार्य बंद कर दिया है,184 ऐसे हितग्राही हैं जिन्होंने लेंटल लेवल तक कार्य को पूर्ण कर कार्य बंद कर दिया है,74 ऐसे हितग्राहीं है जिन्होंने आवास को छत लेवल तक पूर्ण कर आगे का कार्य बंद कर दिया है। ऐसे समस्त हितग्राही को नोटिस जारी कर,हितग्राहियों की जोनवार लिस्ट बनाई जाए एवं यह लिस्ट जोनल अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए।सभी जोनल अधिकारी हितग्राहियों से सम्पर्क कर भवन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें जिन हितग्राहियों द्वारा राशि प्राप्त होने के बाद कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ऐसे हितग्राहियों के विरूद्ध राशि वसूली की कार्यवाही की जाए।आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा वह भी निर्देशित किया गया कि बीएलसी घटक के लिए शासन द्वारा जब भी राशि आवंटित की जाए हितग्राहियों को अतिशीघ्र राशि का आवंटन किया जाए।आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की सीएम हेल्पलाइन का शिकायतवार अवलोकन करें शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर शिकायत का मौके पर निराकरण करें शिकायतों को शत-प्रतिशत शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ निराकृत करें। सभी अधिकारी यह भी ध्यान रखें किसी भी लेवल पर कोई शिकायत बिना टीप के अगले लेवल तक न जाए जिस भी अधिकारी द्वारा बिना टीप दर्ज किए शिकायत अगले लेवल तक जाती है तो ऐसे अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा वृक्षारोपण किए जाने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इस हेतु सभी जोनल अधिकारी अपने जोन क्षेत्रान्तर्गत रिक्त शासकीय भूखण्डों,निगम के पार्क,शमशान घाट,स्कूल, महाविद्यालय व शासकीय कार्यालयों में वृक्षारोपण कराए जाने हेतु उत्तरदायी हैं इस हेतु निगम द्वारा पर्याप्त मात्रा में पौधे क्रय किए गए हैं एवं गढ्ढा खोदने के लिए मैनुअल मशीन के साथ ट्रैक्टर माउंटेड मशीन भी ली गई है इन संशाधनों का उपयोग कर,तत्परता के साथ वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। इस हेतु किस जोन अधिकारी द्वारा किस स्थान पर कितने पौधे रोपित कराए गए इसकी जानकारी प्रत्येक दिवस कार्यालय में प्रस्तुत की जाए ताकि शासन द्वारा प्रदान किए गए लक्ष्य की प्राप्ति कर शहर को हरा-भरा एवं स्वच्छ बातावरण उपलब्ध करा सकें।

## एक पौधा मां के नाम अभियान का स्काउट गाइड ने किया शुभारंभ

# जाग्रति पार्क में दो सैकड़ा पौधों का किया गया रोपण, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत स्काउट गाइड मप्र जिला संघ कटनी के तत्वावधान में जागृति संस्था के सहयोग से माननीय कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट पी.पी सिंह के सफल मार्गदर्शन में जिला स्तर पर क्लैप प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जागृति पार्क कटनी में 200 से अधिक स्काउट गाइड यूनिट लीडर की उपस्थिति में प्रारंभ किया।



इस अवसर पर सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर एवं जागृति संस्था के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों स्काउट गाइड दलो से आवाहन किया है कि प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड द्वारा अपने माता के नाम पर एक पौधा का अवश्य रोपण करें एवं जब तक संस्था में रहे तब तक उसकी देखरेख करने का संकल्प लें। स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए जागृति संस्था की अध्यक्ष परम सम्माननीय श्रीमति उमा निगम जी द्वारा सभी को बताया कि जागृति पार्क के थर्ड एरिया को 5 वर्ष पूर्ण हुए हैं जिसमें स्काउट गाइड द्वारा अपनी सेवाएं लगातार 5 वर्षों से प्रदान की जाती रही है स्काउट गाइड संस्था समाज में सुनागरिक बनाने के कार्य साथ-साथ क्लाइमेट चेंज मेकर तैयार कर रही है जो क्लाइमेट के प्रतिएक जिम्मेदार सी के रूप में कार्य कर रहे हैं और समाज को जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर पर्यावरण संधारण समिति के सचिव पंजवानी ने पर्यावरण संधारण समिति के सदस्य नीरज लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में जागृति संस्था एवं पर्यावरण संधारण समिति सहित जागृति संस्था सदस्य सहितशासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कटनी शासकीय सी एम राइस हायर सेकेंडरी स्कूल कटनी बाटसले अंग्रेजी मीडियम बाटसले हिंदी मीडियम सेंट पाल उमावि सिविल लाइन सेंट पॉल उमावि सामिल हुए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.)**

**प्रकरण क्र.**

1. अरविंद तिवारी तनय शिवप्रसाद तिवारी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मनकहरी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र., 2. प्रभा देवी पुत्री स्व. जनार्दन प्रसाद द्विवेदी पत्नी विष्णु प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम पाल तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र..........अपीलार्थीगण **बनाम**

1. सरोज देवी पुत्री जनार्दन प्रसाद पत्नी राजीव लोचन तिवारी निवासी ग्राम जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 2. तेजभान तनय विशेषर प्रसाद द्विवेदी उम्र 87 वर्ष पेशा कृषि निवासी ग्राम जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 3. हरीश कुमार तनय श्री नर्वदा प्रसाद द्विवेदी उम्र 77 वर्ष पेशा सेवानिवृत्त शिक्षक, निवासी प्रेमनगर पावर हाउस के पास सतना म.प्र. 4. संतोष कुमार तनय स्व. श्री नर्वदा प्रसाद द्विवेदी (जायज) वारिस - क- सुधा द्विवेदी पत्नी स्व. संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 73 वर्ष, ख- निकेश द्विवेदी तनय स्व. संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 45 वर्ष, दोनों निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली सतना जिला सतना म.प्र. 5. चन्द्रलेखा पत्नी श्री विनोद द्विवेदी उम्र 63 वर्ष निवासी पुराना टिकरापारा खैरागढ़ जिला राजनादगांव छ.ग. 6. संजय तनय विनोद द्विवेदी उम्र 48 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पास अमहिया जिला रीवा म.प्र. 7. विजय तनय स्व. विनोद द्विवेदी उम्र 43 वर्ष निवासी पुराना टिकरापारा खैरागढ़ जिला राजनादगांव छ.ग. 8. सुशीला पत्नी स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी उम्र 88 वर्ष निवासी एम.आई.जी. प्रथम मकान नं. 91 दीनदयालपुरम उतैली सतना जिला सतना म.प्र. (फौत) 9. मनोज तनय स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पेशा नौकरी इंटलीजेंस आफीसर निवासी मार्फत 56 एम.पी.ओ.आई.टी.जी.एफ. नई दिल्ली 10. श्रीकृष्ण तनय स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पेशा नौकरी निवासी एम.आई.जी. प्रथम मकान नं. 91 दीनदयालपुरम उतैली सतना जिला सतना म.प्र. 11. सरला पुत्री स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पत्नी जगतबहादुर सिंह तिवारी निवासी ग्राम मनिकवार तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. 12. शान्ती देवी पत्नी स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. 13. दिनेश तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 67 वर्ष निवासी दीनदयालधाम पड़रा मकान नं. 44, 45 एल.आई.जी. रीवा जिला रीवा म.प्र. 14. उमेश तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. 15. नीरज तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 48 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. **रेस्पां.गण**

सूचित किया जाता है कि उन्मानित अपील मेरे न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा तहसीलदार रामपुर बाघेलान म.प्र. के रजिस्ट्रेशन क्र. 0012/ए27 (2)/2017-18 रा.प्र.क्र. 36अ 27/17-18 में पारित आदेश दिनांक 31.03.2022 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है, समन तामीली के पश्चात भी आप रेस्पां. गण स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं हुए हैं. अपीलार्थीगण की ओर से तलवी हेतु प्रकाशन का निवेदन किया गया, जिसे स्वीकार किया गया, इसलिए समाचार पत्र प्रकाशन के माध्यम से आप रेस्पां गण को आदेशित किया जाता है कि आगामी पेशी दिनांक 30.07.2024 को मेरे न्यायालय के समक्ष सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे प्रकरण के संबंध में सम्पूर्ण तथ्यों की मालुमात हो उपस्थित होवें अन्यथा की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर अपील का निराकरण कर दिया जायेगा, अपील में अनुपस्थिति की जिम्मेदारी इस सूचना / प्रकाशन के पश्चात आप रेस्पां.गण की होगी। प्रकाशन की सूचना मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**रामपुर बाघेलान**
**जिला-सतना (म.प्र.)**

रामपुर बाघेलान
दिनांक- 11.07.2024

**खबर संक्षेप**

## पाली महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



**बिरसिंहपुर पाली।** शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर आरके झा के द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलन किया गया तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉक्टर झा ने अपने उद्बोधन में कौशल के माध्यम से स्वयं को सक्षम मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर दिया उन्होंने कौशल विकास एवं शांति तीनों को एक देश के विकास के लिए आवश्यक बताया कौशल के माध्यम से योग्यता को बढ़ावा देना सभी चुनौतियों का सम्मान किया जा सकता है विद्यार्थियों को संदेश दिया पढ़ाई पढ़ो ऐसा कि घर में आए पैसा मुख्य वक्ता डॉक्टर शाहिद सिद्दीकी ने बताया कि युवाओं को अपने रुचि में आधार पर रोजगार का चयन करना चाहिए उन्होंने युवाओं को प्रेरणा स्वरूप कहा कि एक लक्ष्य को साधने से सभी सब जाता है श्री हरलाल अहिरवार ने बताया कि युवाओं को कौशल विकास को बढ़ाने के लिए रोजगार सरोजगार के सपने को साकार किया जा सकता है आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ नरेश प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुभव श्रीवास्तव डॉक्टर रितु सेन बालेंद्र कुमार यादव प्रहलाद सिंह उपेंद्र रावत गुलाब सिंह मुन्ना सिंह राठौड़ जैकी सक्सेना नर्मदा मिश्रा सहित समस्त छात्राएं एवं अन्य लोग रहे उपस्थित1

## युवाओं ने जे.के. सीमेन्ट के विरूद्ध मोर्चा खोला



**अमानगंज।** क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने तहसीलदार अमानगंज को ज्ञापन देते हुए बताया कि जेके सीमेंट कंपनी देवरा अमानगंज द्वारा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को रोजगार नौकरी भरपूर दी जा रही है जिसके चलते शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं और महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं, युवाओं ने बताया कि जिले में रोजगार का साधन उक्त कंपनी होने के बाद भी हम सभी युवा बेरोजगार घूम रहे हैं हम लोगों की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। बताया कि जेके सीमेंट कंपनी द्वारा सभी मापदंडों को दरकिनार करते हुए क्षेत्रीय किसानों से किए गए अपने वादे उनके बच्चों को रोजगार एवं क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता यह सीमेंट कंपनी अपने सभी बातों से मुकर गई।

### रामप्रकाश पटेल, रामरतन पटेल, ओम प्रकाश पटेल, जयप्रकाश पटेल की थी पैत्रिक भूमि

# जेके सीमेन्ट ने 72 एकड़ कृषि भूमि पर किया कब्जा

**मानावता की दुष्मन बन चुकी है जे.के. सीमेन्ट कम्पनी**

जिले के सिमरिया तहसील अंतर्गत संचालित जे.के. सीमेन्ट कम्पनी अपनी तानाशाही की हदे पार करते हुए ग्राम हरदुआ केन में किसान की 72 एकड़ यानि 28.590 हेक्टेयर कृषि भूमि पर बल पूर्वक कब्जा प्रभावित किसान की पुकार सुननेवाला जिले में कोई नहीं। आखिर किसान ने दी कलेक्टेट में दी आत्म हत्या की चेतावनी और धारा 247 के दुरूपयोग का लगाया आरोप।

पन्ना।



जे.के. सीमेन्ट की तानाशाही एवं जिले के जनप्रतिनिधियों के अनदेखी के चलते ग्राम हरदुआ केन के पटेल परिवार में भूखों मरने की स्थिति निर्मित होती नजर आ रही है। जिला प्रशासन के नाक के नीचे यह स्थिति क्यों निर्मित हुई इसका जवाब आला अधिकारी ही दे सकते है। वहीं संबंधित संबंधित पीड़ति किसान ने आत्मदाह करने को लेकर भी स्थिति बयां की है सोशल मीडिया में यह मामला चर्चा का विषय है। एक तरफ किसानों को प्रमुखता से सरकार योजनाओं का लाभ प्रदानकरती है तो दूसरी तरफ आत्मदाह जैसे हालात निर्मित क्यों हो रहे है आखिरकार क्या है मामला जो जिला प्रशासन से लेकर जे.के. सीमेन्ट कम्पनी तक आरोप लग रहे है। देखना यह है कि आगे होता है क्या, क्या किसान को आत्मदाह करने के लिए अवसर दिया जायेगा या फिर उसकी समस्या का समाधान किया जायेगा। पीड़ति किसान ने प्रशासन पर भी आरोप लगाया हैं कि कम्पनी बलपूर्वक किसानों की जमीने हड़पी जा रही है इसमें प्रशासन की मिलीभगत है। ऐसा ही मामला कोनी निवासी रामप्रकाश पटेल, रामरतन पटेल, ओम प्रकाश पटेल, जयप्रकाश पटेल की पैत्रिक 72 एकड़ कृषि भूमि जिस पर खेती करते आ रहे है जिनका आराजी क्रमांक-883, 884, 836, 837, 838, 839, 842, 844, 900, 901, 902, 903, 907, 939, 942, 894, 896 इस तरह से कुल किता 18 रकवा 28.590 हेक्टेयर ग्राम कोनी तहसील सिमरिया जिला पन्ना स्थित है। उक्त जमीन बिना मुआवजा के जे.के. सीमेन्ट के मुक्तयार मृणाल सिंह द्वारा कलेक्टर पन्ना न्यायालय में धारा 247 की कार्यवाही करके आवेदन किया था। जिस पर भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत भूमि अधिग्रहण क्रमांक 001/67/2024 प्रस्तुत किया गया। जिसमें संबंध में कलेक्टर पन्ना द्वारा बिना पक्ष सुने धारा 247 की कार्यवाही करते हुए 72 एकड़ जे.के. सीमेन्ट की अधिग्रहित करके अनुमति दे दी गई। जिसको लेकर पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन जबरदस्ती आवेदक की कृषि भूमि पर कब्जा करते हुए जे.सी.बी मशीन से फसल नष्ट कर दिया गया। आवेदक द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में डब्ल्यूसी नम्बर-21283/2022 दायर किया जा चुका है जो विचाराधीन है। कम्पनी के मुक्तयार मृणाल सिंह द्वारा कलेक्टर पन्ना को गुमराह करते हुए मनमाने ढंग से आदेश पारित करा लिया गया। इस तरह से पूरी कम्पनी छल-बल, कपट एवं धोखा में महारथ हासिल कर जिलेवासियों को चूना लगाकर सीमेन्ट बनाया जा रहा है। इसके उपरांत पीड़ति द्वारा कलेक्टर पन्ना से गुहार लगाने पर पीड़ति की कोई सुनने को तैयार नहीं हैं।

**पीड़ित किसान मीडिया से हुए रूबरू**

किसान रामप्रकाश पटेल ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा अधिग्रहण प्रकरण बनाकर नोटिस भेजा गया है। जिसका उनके द्वारा नियत पेशी पर अपने कथन दिये थे लेकिन उनके तथ्यों को खारित कर दिया गया। मैने कलेक्टर पन्ना से परिवार सहित गुहार लगाई लेकिन मेरी एक नहीं सुनी गई। और कम्पनी के दंबंगई से मेरी पूरी कृषि भूमि पर कब्जा कर लिया गया। पीडित किसान के पास कोई सहारा नहीं है। वह अपनी जमीन वापिस चाहते है। अन्यथः परिवार सहित आत्महत्या करेगें।

गौरतलब है कि पूरी कम्पनी ही नियम विरूद्ध बफर जोन में बनी है नदी, तालाब सब जमीने नियम विरूद्ध तरीके अधिग्रहण हुआ है। कम्पनी मानवता की दुष्मन बन चुकी है। एक ऐसा उद्योग जो किसानों की जान देने को मजबूर कर रहा है। पन्ना जिले में विपक्ष की भूमिका नगण्ड है पूर्व मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के अवसर पर कहा था कि एक हजार को प्रत्यक्ष रोजगार एवं 10 हजार को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। किन्तु शिक्षित बेरोजगारों को रोड़ एक्सीडेंट के अलावा कम्पनी ने कुछ नहीं दिया। यह कम्पनी पन्ना के लिए दुर्भाग्य से कम नहीं है। पक्ष तो मालामाल है और चिंता करे तो विपक्ष किसान, यूनियन, मजदूर यूनियन, अपने आप को सूरमा कहने वाले जाने किस बिल में घुसे है। आवाज उठाना तो दूर शोक भी नहीं व्यक्त करते। जाने क्या हो गया है इस जिले को कम्पनी का समोहन या तिलिस्म? बीते तीन वर्ष में कम्पनी ने क्षमता से अधिक उत्खनन रॉयल्टी चोरी, पर्यावरण दूषित, पानी दूषित, सड़क दुघटनाये तो ही दिया है। कम्पनी के विरूद्ध सिर्फ मंगल सिंह राजावत ने उठाई किन्तु किसी ने उनका साथ नहीं दिया। रोजगार सिर्फ नेताओं के शुभचिंतकों को इस जिले की सबसे बड़ी कमजोरी विपक्ष है। जे.के. सीमेन्ट अपनी सभी सर्तें भूलचुकी है। भूमिदाता ग्राम देवरा, बोदा, आदि सभी ठगे गये किन्तु कम्पनी ने बेरोजगारों को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को रोजगार दे रही है।

## मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह उत्सव समारोह कुआंताल

### माता कंकाली को साक्षी मानकर एक दूसरे के हुए 189 जोड़े





पन्ना।

पवई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुआं ताल में विधायक प्रहलाद लोधी के संयोजन में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बृहद मुख्यमंत्री कन्यादान का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र आंचल के 189 जोड़ों ने माता कंकाली को साक्षी मानकर एक साथ जीने मरने की कसम खाई पन्ना जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था का केंद्र माता कंकाली के पवित्र मंदिर परिसर में परंपरा अनुसार 186 बर बधुओं ने हिंदू रीति रिवाज के साथ सात फेरे लेते हुए वैदिक मंत्र उपचारों तथा तीन मुस्लिम जोड़ों ने इस्लाम धर्म की पद्धति से निकाह संपन्न हुए बता दें कि उपरोक्त मुख्यमंत्री कन्या विवाह उत्सव के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा विधायक के प्रयास से एक करोड रुपए की सहायता राशि दी गई है जिसमें प्रत्येक नव दंपतियों को 49000 के चेक के साथ-साथ पवई विधायक द्वारा अन्य उपहार भी प्रदान किए गए जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद के द्वारा प्रत्येक वधु को उपहार स्वरूप साड़ियां भेंट की गई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना पुष्पराज जी द्वारा प्रत्येक बर वधु को गठ स्वरूप नेग प्रदान किए गए इस पुनीत अवसर पर पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने भी शिरकत की तथा उपस्थित नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया इस अवसर पर वर वधु के साथ पधारे लगभग 10 हजार घराती बारातियों का स्वागत का इंतजाम जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय की देखरेख में संपन्न हुआ उपरोक्त समारोह में जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, परियोजना अधिकारी संजय सिंह पवई नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत, मंडल अध्यक्ष मोहंदरा अरुण चौरसिया। अजीबका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक दिनकर गर्ग तथा शाहनगर एवं पवई जनपद पंचायत के पंचायत सचिव रोजगार सहायक उप यंत्री मौजूद रहे।

## शादीशुदा लड़के ने रचाई दूसरी शादी

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में भ्रष्टाचार का मामला आया सामने

**पूर्व की पत्नी कन्या विवाह योजना में पहुंच कलेक्टर विधायक से लगाई न्याय की गुहार**

बिरसिंहपुर पाली।



समग्र विस्तार अधिकारी रेवा प्रसाद बैगा का पहले भी हो चुकी हैं कार्यवाही दूसरा मामला आया सामने कब होगी कार्यवाही रेवा पैसाद पर कार्यवाहीमुख्यमंत्री कन्यादान योजना रजिस्ट्रेशन में खुलकर हुई धांधली भ्रष्टाचार हुआ उजागर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 75 जोड़े का विवाह सूत्र के बंधन में बंधे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उमरिया जिले के जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत घुनघुटी में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि मानपुर क्षेत्र की विधायिका सुश्री मीना सिंह उमरिया जिले के कलेक्टर सहित समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे इस मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में कुल 75 पर वर बधुवो ने दांपत्य जीवन में बंधे। तो वही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है बता दे की पाली जनपद के कठई ग्राम पंचायत की चिंनकी ग्राम ललिता बैगा जब अपनी 7 वर्षीय बच्ची निशि बैगा को लेकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में पहुंची और अपने पति धरमलाल बैगा जो कि अपनी दूसरी शादी रचा रहा था। तो उसकी पूर्व की पत्नी ललिता बैगा ने घुनघुटी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में पहुँचकर खुलासा करते हुए बताया की धरम लाल ने मुझसे शादी रचाई थी जिसकी एक 7 वर्षीय बच्ची जिसका नाम निशि बैगा हैं। लेकिन आज फिर से वो मेरे बिना जानकारी की दूसरी शादी कर रहा था। ललिता बैगा ने कहा जब हम इस बात की जानकारी लगी तो हम अपने पिता के साथ 7 वर्षी बच्ची को लेकर पंडाल में पहुंची और उपस्थित जिले के कलेक्टर एवं विधायक से न्याय की गुहार लगाते हुए पति द्वारा दुबारा सादी कर रहे फर्जी शादी रुकवाने की भरपक प्रयास की जिसको लेकर उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पाली जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर कन्हाई को इस फर्जी शादी को लेकर जांच करने का निर्देश देते हुए प्रदान किए जाने वाले चेक को रोकने की बात कही जबकि पूर्व की पत्नी ललिता बैगा ने पत्रकारों से जानकारी देते हुए बताया कि शादी रचा हमारा धरमलाल की शादी मुझसे हुई थी। अभी हमारा और धरम लाल का निपटारा नही हुआ था और वह दूसरी शादी भी कर रहा था। पाली जनपद में पदस्थ न्याय एवं निः शक्त जन कल्याण विभाग अधिकारी अधिकारी रेवा प्रसाद बैगा के द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं विवाह से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन इनके द्वारा ही किया जाता है पूर्व में भी इनके द्वारा कन्यादान योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जिस पर जिले के अधिकारियों द्वारा इनको चंदिया तहसील में अटैच कर दिया गया था लेकिन लौटते फिर से दोबारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना भ्रष्टाचार करने से परहेज नही कर रहे है। आज पाली जनपद के घुनघुटी में संपन्न हुए विवाह में फिर से दोबारा रेवा प्रसाद बैगा के ऊपर भ्रष्टाचार का मामला कठई पंचायत की एक ललिता बैगा नाम की महिला धरम लाल की पत्नी ललिता बैगा ने न्याय की गुहार लगाते हुए ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है अब देखना होगा कि जिले के अधिकारी एवं उपस्थित विधायक प्रतिनिधियो के द्वारा क्या कुछ कार्रवाई की जाती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा ।

# कई करोड़ों के सहकारी बैंक घोटाला की जांच को सागर जेआर ने किया अमान्य

## कहा वर्ष 2013 से हो सम्पूर्ण बैंक खातों की हो जांच, आधा दर्जन कर्मचारियों को बचाने का आरोप

**जेआर सागर ने 4 अन्य बैंक कर्मी अंजली असाटी, अनुपमा सिंह, महेश पटेल, शबनम सिद्दीकी, मनोज सोनी, आजाद सिंह एवं जगदीश अहिरवार को भी माना जवाबदार।**

**5 करोड़ की 87 प्रविष्टियों को जांच दल ने संदिग्ध बताकर नहीं की जांच।**

**इमरत कुमारी का खाता बडा बाजार और ट्रांजेक्शन अजयगढ़ ब्रांच से होना बताया गम्भीर।**

**पन्ना।** सहकारी बैंक के बीजेएल एकाउण्ट घोटाला इस समय पूरे प्रदेश में चर्चाओं में हैं। अभी तक नाममात्र के खातों की जांच से लगभग 1 करोड़ 85 लाख का घोटाला उजागर हुआ है और जांच की औपचारिकता पूरी कर कई बैंक कर्मियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने का पूरा प्रयास किया गया है। जिसका खुलासा स्वतः संभागीय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं सागर द्वारा पत्र क्रमांक 1152 दिनांक 5 जुलाई 2024 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पन्ना को सम्बोधित पत्र में स्वमेव हो जाता है। भेजे गये पत्र में मुख्य रूप से जेआर सागर द्वारा मात्र दो बैंक कर्मियों पर कार्यवाही करते हुये शेष जिम्मेदार बैंक कर्मियों को बचाने तथा मुख्य आरोपी पुष्पेंद्र सिंह समस्त नात रिश्तेदारों की खातों की वर्ष 2013 से जांच न किये जाने पर आपत्ति जताई है। साथ ही निर्देश दिया है कि वर्ष 2013 से बैंक के समस्त खातों की विस्तृत जांच कर दोषी एवं जिम्मेदार बैंक कर्मियों/ अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाये। जेआर सागर द्वारा भेजे गये बिंदूवार जांच प्रतिवेदन में उठाई गई आपत्तियों का नीचे वर्णन किया जा रहा है।

**इमरत कुमारी के खाते मे गई गबन की राशि 1 करोड़ 34 लाख में अंजली असाटी एवं महेश पटेल पर क्यों नहीं हुई कार्यवाहीः-** जाँच प्रतिवेदन के बिन्दु क्र. 1 के परीक्षण करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि श्रीमती इमरत कुमारी, जो मुख्यालय पन्ना में पदस्थ पुष्पेन्द्र सिंह की माँ हैं, उनके बचत खाता क्र. 664002066855 में बैंक के बी.जी.एल. खाता क्रमांक 91947000111, खाता क्रमांक 95060000117, खाता क्रमांक 93663000040 एवं खाता क्रमांक 93663000062 को नामे कर इमरत कुमारी के बचत खाते में 1,34,53,998.00 की राशि ट्रांसफर कर गबन किया गया । इसमें मेकर आई.डी. 306 पुष्पेन्द्र सिंह लिपिक लेखा कक्ष की उपयोग हुई है, जबकि चेकर आई.डी. 282 सुश्री अंजली असाटी लेखापाल, 285 आई.डी. राजेश कोरी लेखापाल एवं 233 आई.डी. महेश प्रसाद पटेल तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमानगंज की उपयोग हुई है। इसमें से केवल पुष्पेन्द्र सिंह एवं राजेश कोरी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है, शेष दोनों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की गई ? आई.डी. को सुरक्षित रखना व्यक्तिगत जवाबदारी है। आई.डी. के दुरूपयोग से कोई हानि होती है, तो अपनी जवाबदारी से बचा नहीं जा सकता है।

**16 लाख 20 हजार की गबन की राशि में भी अंजली असाटी की आईडी का हुआ उपयोगः-** बिन्दु क्र. 2 खाता क्र. 91947000111 सहकारी बैंक के मुख्यालय में लेखाकक्ष में संधारित सण्ड्री क्रेडिटर्स खाता है, जिसका उपयोग कर्मचारियों के एलआईसी, जीएसएलआई एवं बैंक को प्राप्त विविध प्राप्ति मे जो इस खाते में जमा की जाती हैं, इस खाते से इमरत कुमारी के सी.सी.बी. खाता क्रमांक 664002066855 में 16,20,900.00 रूपया प्रेषित किये गये। इसमें मेकर में आई.डी. क्र. 306 पुष्पेन्द्र सिंह लिपिक एवं आई.डी. क्र. 282 सुश्री अंजली असाटी का उपयोग हुआ है। उक्त राशि के लिए उक्त दोनों जवाबदार हैं, फिर केवल पुष्पेन्द्र सिंह लिपिक पर कार्यवाही क्यों की गई ?

**29 लाख के घोटाले में सिर्फ पुष्पेंद्र सिंह एवं राजेश कोरी पर मात्र क्यों हुई कार्यवाहीः-** बिन्दु क्र. 3 विभिन्न दिनाँकों पर इमरत कुमारी के बड़ा बाजार खाता क्र. 664002066855 से राशि नेफ्ट के माध्यम से पुष्पेन्द्र सिंह के स्टेट बैंक के खाता क्र. 32074014519 में हस्तांतरित की गई। इसी बिन्दु में उल्लेखित है कि यू.पी.आई. एवं अन्य स्त्रोतों से जो राशि क्रेडिट की है, उसका परीक्षण अभी नहीं किया गया। इस मद में 29,59,100.00 की राशि का गबन बी.जी.एल. सेण्ड्री क्रेडिटर्स एवं एम.ए.एस. खाते में किया जाना दर्शाया गया है। इसमें मेकर आई.डी. 306 पुष्पेन्द्र सिंह एवं चेकर आई.डी. 282 सुश्री अंजली असाटी एवं चेकर आई.डी. 285 राजेश कोरी लेखापाल की उपयोग हुई है। उक्त तीनों इसके लिए जवाबदार हैं।

**9 लाख के घोटाले में चेकर एवं मेकर आईडी का उल्लेख ही नहीं:-** बिन्दु क्र. 4 - दिनाँक 20 अगस्त 2019 एवं 12 मार्च 2020 को क्रमशः राशि रूपये 3,00,030.00 एवं रूपये 1,75,000.00, कुल रूपये 4.75,030.00 बैंक के सण्ड्री क्रेडिटर्स खाता क्र. 91947000111 को नामे कर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा अमानगंज के खाता क्र. 3957040841 में हस्तानांतरित की गई। यह खाता टीकम सिंह परमार के नाम से संचालित ओ.डी. खाता है । इस प्रकार जाँच रिपोर्ट में 4,75,030.00 का गबन दर्शाया है । इस बिन्दु में चेकर एवं मेकर की आई.डी. नहीं दी गई है ।

**सिर्फ चार खातों की जांच से मिला 1 करोड़ 85 लाख का गबन, शेष संदिग्ध खाते बताकर बंद कर दी गई जांचः-** बिन्दु क्र.5 - इस बिन्दु में उपरोक्त 4 बिन्दुओं का विवरण दिया गया है एवं कुल गबन राशि 1,85,09,028.00 बताई गई है। इसके अलावा इसमें यह भी उल्लेख है कि बैंक लेखा कक्ष में अनेक बी.जी.एल. खाते यथा शाखा समायोजन, मुख्यालय ऑटो रीकंस्लेशन, नेफ्ट एवं अन्य बैंकर्स खाते सण्ड्री क्रेडिटर्स, माईग्रेशन खाते संधारित हैं, जिनका विगत वर्षों से रीकंस्लेशन पूर्ण नहीं हुआ है एवं प्रविष्टियां लम्बे समय से लम्बित हैं, जिनके परीक्षण में अधिक समय लग सकता है, जिसमें संदिग्ध प्रविष्टियों से इन्कार नहीं किया जा सकता है। अभी केवल 4 खातों से संबंधित संदिग्ध प्रविष्टियों का बी.जी.एल. खाते से परीक्षण किया गया। अतः बैंक के गबन अवधि के समस्त खातों का परीक्षण करवाया जाना उचित होगा।

**गबन छिपाने फर्जी ट्रांजेक्शन के फर्जी न मिलना बताकर बैंक प्रबंधकों पर नहीं की कार्यवाहीः-** बिन्दु क्र. 6 - उक्त गबन को छिपाने के लिए ट्रांसजेक्शन में जनरेट एसवाईएस को दिनाँक 24 मार्च 2021, 26 मार्च 2021 एवं 31 मार्च 2021 को फर्जी एन्ट्री पास कर शाखा समायोजन को नाम किया गया, ताकि गबन की राशि की एन्ट्री को मिलान में पकड़ा न जा सके। इससे स्पष्ट है कि शाखा एवं बैंक मुख्यालय का भी मिलान नहीं किया गया। उक्त दिनाँकों के ट्रांसजेक्शन में




मेकर आई.डी. 306 पुष्पेन्द्र सिंह बुन्देला, चेकर आई.डी. 282 सुश्री अंजली असाटी, आई.डी. 285 राजेश कोरी के द्वारा किया गया है। उक्त सम्पूर्ण फर्जी ट्रांजेक्शन के व्हाऊचर प्राप्त नहीं हुये हैं। संबंधित शाखा प्रबंधकों के द्वारा भी इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई।

**5 करोड़ की मात्र संदिग्ध प्रविष्टियां बताकर नहीं की जांचः-** बिन्दु क्र. 7 - दिनाँक 17 अगस्त 2019 को मुख्यालय बी.जी.एल., ऑटो रीकंस्लेशन खाते का बैच तैयार कर राशि रूपये 4,90,76,720.21 की लम्बित प्रविष्टियों को काटा गया, जिसमें बी.जी.एल. ऑटो रीकंस्लेशन, डेबिट खाता 95060000117 को क्रेडिट कर मुख्यालय बी.जी.एल. ऑटो रीकंस्लेशन (क्रेडिट) खाता 95061000117 को डेबिट किया गया। इस बैच में एसवाईएस की 87 लम्बित प्रविष्टियों को काटा गया है। इसमें मेकर आई.डी. 10364 श्रीमती अनुपमा सिंह तत्कालीन लिपिक लेखा कक्ष, चेकर आई.डी. 282 सुश्री अंजली असाटी लेखापाल की उपयोग की गई है, जबकि उक्त दिनाँक 17 अगस्त 2019 के बाकी शेष .व्हाऊचर राजेश कोरी की आई.डी. 285 से पास किये गये हैं। जाँच रिपोर्ट अनुसार उक्त एनट्रियों को संदिग्ध माना गया है एवं उल्लेख किया है कि समयाभाव के कारण इनका परीक्षण नहीं किया जा सका। इनका तत्काल परीक्षण किया जाना चाहिए।

**इमरत कुमारी के विड्रावल फार्म के दूसरी ब्रांच से ट्रांजेक्शन होने के मामले को बताया गम्भीरः-** बिन्दु क्र. 8 - में पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा जमा की गई, 71,41,165.80 रूपये की राशि का उल्लेख है, शेष राशि जमा करवाने के संबंध में बैंक द्वारा क्या कार्यवाही की गई ? इसका कोई उल्लेख नहीं है। इसमें यह भी दिया गया है कि दिनाँक 11 अगस्त 2023 को मुख्य शाखा पन्ना द्वारा श्रीमती इमरत कुमारी के खाता क्र. 664002066855 से शाखा समायोजन अजयगढ़ के खाता क्र. 93663000039 में राशि 5,01,935.80 हस्तानांतरित की गई। विड्रावल फार्म में राजपाल सिंह के हस्ताक्षर हैं, राजेश कोरी की हैण्डराईटिंग है। विवरण दिनाँक 24 मार्च 2021 का सुधार उल्लेखित है। इसमें मेकर आई.डी. 288 सुश्री शबनम सिद्धकी लिपिक एवं चेकर आई.डी. क्र. 294 जो कि जगदीश अहिरवार लिपिक मुख्य शाखा पन्ना का उपयोग किया गया है, जबकि इमरत कुमारी का खाता शाखा बड़ा बाजार, पन्ना में है। विड्रावल से दूसरी ब्रांच से ट्रांसजेक्शन होना अत्यन्त गम्भीर स्थिति है।

**पुष्पेंद्र सिंह के समस्त रिश्तेदारों के स्टेटमेंट न मिलने का बहाना कर जांच बंद करने पर जताई आपत्तिः-** बिन्दु क्र. 9- में उल्लेखित है कि पुष्पेन्द्र सिंह एवं उनके अन्य रिस्तेदारों के सम्पूर्ण बैंक खातों के स्टेटमेंट प्राप्त नहीं होने के कारण जाँच अपूर्ण है एवं गबन की गई राशि एवं उसके किये गये तरीकों से सभी शाखाओं के शाखा समायोजन पत्रक एसबीआई पन्ना एवं अन्य बैंक के खता, एनईएफटी खाता, माईग्रेशन खाता, सभी शाखाओं एवं मुख्यालय के रीकंस्लेशन पत्रक में अनरीकंशाईल बड़ी राशि की एन्ट्री, सण्ड्री डेबिटर्स एवं क्रेडिटर्स खाता आदि का सीबीएस सिस्टम 2013 से प्रत्येक एन्ट्री का व्हाऊचर से और वीवीआर रिपोर्ट से परीक्षण किया जाना अतिआवश्यक है। उक्त संबंध में बैंक द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जावे।

**जेआर ने अंजली असाटी, महेश पटेल, शबनम सिद्दीकी, अनुपमा सिंह, मनोज सोनी, आजाद सिंह, जगदीश अहिरवार को बचाने का आरोप लगायाः-** बिन्दु क्र. 10- इस बिन्दु में यह उल्लेखित है कि लेखा कक्ष में पदस्थ कर्मचारियों / अधिकारियों द्वारा अपनी जिम्मेदारी में लापरवाही के कारण गबन काफी लम्बे समय तक चलते रहने के बावजूद पता नहीं चला। लेखा प्रभारी राजेश कोरी कई वर्षों तक लेखापाल कार्यरत रहे हैं, कई व्हाऊचर्स में उनकी आई.डी. लगी हुई है। अनाधिकृत व्यक्तियों की आई.डी. के द्वारा व्हाऊचर्स पास होते रहे, हैं। लेखाकक्ष को असामान्य ट्रांसजेक्शन की जानकारी होने के बावजूद उसे मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संज्ञान में नहीं लाया गया एवं एसवाईएस प्रविष्टियों को काटकर दबाया गया। बैंक कर्मचारियों में मनोज सोनी लिपिक, श्रीमती अनुपमा सिंह लिपिक, आजाद सिंह लिपिक, सी.बी.एस. का कार्य करते रहे हैं। बैंक मुख्यालय खाते में एस.बी.आई. एन्ट्री का लम्बे समय तक स्टेण्ड रहने पर भी इनके द्वारा जानकारी नहीं दी गई। कर्मचारियों के विरुद्ध बैंक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है, कार्यवाही की जावे।

**गबनकर्ताओं के वर्ष 2013 से समस्त खातों की जांच के लिए निर्देशः-** उक्त समस्त उक्त अंतरिम जाँच प्रतिवेदन के परीक्षण से स्पष्ट है कि जाँच दल द्वारा गबनकर्ताओं के खातों के स्टेटमेंट मंगाकर उनके आधार पर जाँच की गई है, जबकि बैंक खातों से अन्य खातों में जो राशि गई है, वह अभी जाँच प्रतिवेदन में नहीं आई है । अतः बैंक के वर्ष 2013 से बिन्दु क्र. 9 में दिये गये खातों अनुसार सम्पूर्ण मिलान कराया जाना आवश्यक है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि 2013 से बैंक के सम्पूर्ण रिकार्ड का मिलान कर पूर्ण जाँच प्रतिवेदन दें।

**खबर संक्षेप**

### छत से गिरने पर महिला की मौत

**छतरपुर** । जिले के नौगांव शहर के वार्ड नंबर 11 में रहने वाली एक 40 वर्षीय महिला की छत से गिरने पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जगदीश साहू की पत्नी कोमल साहू रविवार की दोपहर उस समय छत से गिर गई जब घर पर बच्चों के अलावा कोई नहीं था, जब महिला छत के से गिरी तो बेहोश हो गई, जिसके बाद बच्चों ने पिता जगदीश साहू को फोन किया तो वहीं मोहल्लेवासियों की मदद से घायल महिला कोमल साहू को सिविल अस्पताल लाया गया, अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा बनाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसपी ने पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं, कैंटीन एवं ई-लर्निंग सेंटर लाइब्रेरी का किया निरीक्षण



**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में आकर समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर पुलिस कैंटीन के विस्तारीकरण हेतु निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस परिवार के छात्रों एवं छात्राओं के अध्ययन हेतु पूर्व में स्थापित ई-लर्निंग सेंटर लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया साथ ही अध्ययन हेतु छात्र-छात्राओं से नवीनतम पाठ्यक्रम के संबंध में वार्ता की गई। ई-लर्निंग सेंटर लाइब्रेरी में रजिस्टर, अध्ययन हेतु पाठ्य पुस्तकें, सभी कंप्यूटर सिस्टम, संसाधन का निरीक्षण करते हुए अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं से अध्ययन हेतु अन्य आवश्यकताएं भी पूछी गई। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस परिवार के छात्र-छात्राओं के अध्ययन हेतु स्थापित ई लर्निंग सेंटर के विस्तारीकरण एवं अन्य संसाधनों को अपडेट करने हेतु संबंधित प्रभारी को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन में निरीक्षण के दौरान रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, सूबेदार प्रभा सिलावट एवं संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध कट्टे के साथ पकड़ा गया पूर्व विधायक का बेटा



**छतरपुर**। लवकुशनगर पुलिस ने पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के पुत्र एवं पूर्व विधायक राजेश प्रजापति के भाई रोहित उर्फ अज्जू प्रजापति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध कट्टा जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले भर में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि रोहित उर्फ अज्जू के पास एक अवैध हथियार है। इस सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

### महिला जिला पुलिस बल के साथ पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में अल्पविराम कार्यक्रम संपन्न

**छतरपुर**। जिले में तैनात महिला पुलिस बल के साथ सोमवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा किया गया, पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने प्रतिभागियों से कार्यक्रम का फीडबैक लिया और कहा कि परिवार और कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव के लिए अल्पविराम कार्यक्रम महत्वपूर्ण है अब इसे सबडिवीजन स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा, जिससे कि जिला पुलिस बल के सभी अधिकारी कर्मचारी इसका लाभ ले सके 7 आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति लखनलाल असाटी ने सत्र की शुरुआत करते हुए कहा कि अभी खुद में जांच परख करने की आवश्यकता है कहीं हम सुविधा संपन्न दुखी दरिद्र तो नहीं हैं।

## नौगांव थाना क्षेत्र के खमा गांव के पास पुलिया पर हुआ दर्दनाक हादसा

# बारात लेने जा रही बस ने मासूम बच्ची को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत

नौगांव

शहर के पलेरा टीकमगढ़ स्टेट हाइवे पर बारात लेने जा रही एक बस के सामने 4 वर्षीय बच्ची के अचानक से आ जाने के कारण दर्दनाक हादसा हो गया, हादसे बस के कुचलने से बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा करने वाली बस के द्वारा ही मृत बच्ची के शव को सिविल अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर टीम ने मौत की पुष्टि कर दी, पुलिस ने मामले को संवेदनशील देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस बल को तैनात कर दिया तो वहीं अन्य पुलिस कर्मियों ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा बनाते हुए कार्रवाई की गई। तो वहीं शाम 7 बजे के लगभग हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने मार्ग पर जाम लगा दिया जिसके बाद लगभग आधा घंटे तक यातायात बाधित रहा जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइस देते हुए जाम खुलवाया।



जानकारी के मुताबिक धौर्रा से महोबा चलने वाली नबाब ट्रेवल्स कंपनी महोबा की बस क्रमांक यूपी 95 टी 8582 रविवार की शाम 6 बजे के लगभग किसी शादी समारोह के यात्रियों को लेने पलेरा रोड से गुजर रही थी, तभी नौगांव शहर से लगे हुए पलेरा रोड पर ठठेवरा गांव निवासी परमलाल अहिरवार अपनी 4 वर्षीय बच्ची मोनिका पलेरा रोड पर स्थित सरकारी स्कूल के पास खड़ी थी, स्कूल के पास स्थित ठठेवरा और खमा गांव के मध्य पुलिया के पास से जब बस गुजरी तभी बच्ची मोनिका ने दौड़ लगा दी। जिसके चलते चालक ने बस को कंट्रोल करने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो सका, और बस बच्ची को कुचलते हुए ऊपर से निकल गई। जिससे मौके पर ही दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर भीड़ जमा हो गई तो वहीं बस चालक ने भी मानवता दिखाते हुए बस को रोक कर तुरंत ही बच्ची को सिविल अस्पताल लेकर आए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची की मौत हो चुकी थी, जिस कारण से अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर टीम ने भी बच्ची की मौत की पुष्टि कर दी। तो वहीं पुलिस ने दुर्घटना की सूचना मिलने पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पहले तो पुलिस को घटना स्थल पर तैनात किया एवं लोगों को समझाया, तो वहीं पुलिस की दूसरी टीम को सिविल अस्पताल भेजकर मामले में कार्रवाई की गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर बच्ची मौत की पुष्टि होने पर पंचनामा बनाते हुए कार्रवाई की गई। बस चालक ने मानवता दिखाते हुए मौके पर बस को रोककर बच्ची को अस्पताल लाया गया, अस्पताल में चालक की मौजूदगी में पुलिस ने कार्रवाई की गई।

**हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम -**

बस को टक्कर से बच्ची की मौत के बाद एक तरफ पुलिस अस्पताल में कार्रवाई कर रही थी तो वहीं दूसरी तरफ शाम 7 बजे के लगभग हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पलेरा स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम लगने से सड़क के दोनों ओर आवागमन बाधित हो गया। जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। मार्ग पर जाम लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया जिसके बाद जाम खुला और आवागमन शुरू हो सका।



## एक दर्जन लोगों ने पति-पत्नि पर किया जानलेवा हमला

**11 लोगों पर मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी**

**छतरपुर**। जिले के गुलगंज थाना अंतर्गत ग्राम मऊखेरा के रहने वाले एक यादव परिवार पर रात में सोते समय पुरानी बुराई को लेकर कुछ लोगों द्वारा लाठी-कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया जिसमें पति-पत्नि घायल हुए हैं जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने 11 लोगों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मऊखेरा के रहने वाले जीवनलाल यादव ने बताया कि विगत रोज वह अपनी बहू की विदा कराकर वापस घर लौटा था। घर से वह रात्रि में अपने खेत पर बने कमरे में पत्नि गुलाबबाई के साथ सोने के लिए चला गया था। रात्रि करीब डेढ़ बजे लखन यादव, देवी यादव, चूरामन यादव, अनंतराम यादव, बलू यादव, भूपत यादव, भागीरथ यादव, गोविंदी यादव, चिंटू यादव, कलू यादव एवं अजय यादव ने सोते समय लाठी, कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जीवनलाल एवं उसकी पत्नि गुलाबबाई को चोटें आयी हैं। पीड़ितों के चिल्लाने पर पास में ही सो रहे जेठ मथुरा यादव एवं बड़ा लड़का धनप्रसाद, मझला लड़का रामकुमार यादव आ गए। परिवार के अन्य सदस्यों को आता देख आरोपीगण मौके से भाग गए। घायलों को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं पुलिस ने 11 आरोपियों पर धारा 331(6), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 118(1), 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित जीवनलाल ने बताया कि आरोपियों से चुनावी बुराई है जिसके चलते पहले भी उनकी रिपोर्ट की जा चुकी है।

**इनका कहना है -**

गुलगंज थाना क्षेत्र में रात्रि में मारपीट की घटना सामने आयी है। थाने में तत्काल एफआईआर रजिस्टर की गई है। टीमें तत्काल रवाना कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। 11 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

**अगम जैन, एसपी, छतरपुर**



## दबंग माफिया ने जमीन हड़पने दिखाई गुण्डागिर्दी

**महिला पर जेसीबी चढ़ाने का प्रयास, एसपी ऑफिस पहुंचा परिवार**

**छतरपुर**। जिले के राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम ललगुवां में पाल परिवार की जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत पीड़ित परिवार ने सोमवार को एसपी से की है।

जानकारी के अनुसार खजुराहो के प्रेमनगर कॉलोनी में रहने वाले रघुवर पाल ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम ललगुवां में उसकी खेती की जमीन है जो राजस्व रिकार्ड में उसके नाम दर्ज है। रघुवर ने बताया कि उक्त भूमि पर गोकरन दुबे तनय धर्मदास दुबे नि. डहर्रा थाना राजनगर हाल निवास रविन्द्र कॉलोनी खजुराहो द्वारा गाली-गलौच करते हुए जेसीबी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि आरोपी क्षेत्र का भू माफिया गुण्डा एवं दबंग अपराधी है। वह अक्सर गरीब लोगों की जमीन पर अपने बाहुबल से अवैध तरीके से कब्जा कर भूमियों पर कब्जा लेता है। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी जमीन पर फसल बोयी थी उसकी और आरोपी की जमीन के बीच में 20 फुट की सड़क है फिर भी वह अवैध तरीके से पीड़ित की जमीन पर कब्जा कर चाह रहा है। आरोपी द्वारा आवेदकगणों के विरूद्ध साजिश रचकर परिवार के लोगों के ऊपर झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया गया है जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। आरोपी पूर्व में भी पीड़ित के परिवार की गाली-गलौच करते हुए जान से मारने एवं जमीन छीन लेने की धमकी दे रहा है। पीड़ितों ने एसपी से शिकायत करते हुए दबंग गोकरण दुबे पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चारों आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले**



**लवकुशगगर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने समस्त थाना प्रभारी को अवैध हथियार संबंधी आरोपी, क्षेत्र में दहशत फैलाने एवं माहौल खराब करने वाले एवं लूट डकैती जैसी गंभीर घटनाओं को घटित करने वाले आरापियो को शीघ्र गिरफ्तारी कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि लवकुशनगर रानीपुर रोड पर कुएं के पास सुनसान जगह पर कुछ लड़के अवैध हथियार लेकर कोई डकैती जैसी गंभीर घटना को अंजाम देने वाले हैं। उक्त सूचना पर थाना लवकुशनगर पुलिस द्वारा तीन अलग-अलग टीम बनाकर संबंधित स्थान रानीपुर रोड कुएं के पास बनी झोपड़ी के पीछे जाकर दबिश दी गई। पुलिस ने 4 संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक तलवार, एक लोहे की रॉड, बका एवं मोबाइल जब्त किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में आशीष सिंह चौहान पिता बहादुर सिंह चौहान उम्र 24 साल निवासी सिंचाई कॉलोनी, भारत द्विवेदी पिता मनोज द्विवेदी उम्र 25 साल निवासी चौरसिया मोहल्ला, दीपेंद्र उर्फ भोला तिवारी पिता शिवकुमार तिवारी उम्र 21 साल निवासी वार्ड नंबर 14, जय हिंद यादव पिता धर्म यादव उम्र 21 साल निवासी वार्ड नंबर 5 सभी निवासी लवकुश नगर का होना बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से लवकुशनगर क्षेत्र में डकैती की योजना बनाना स्वीकार किया। उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

आरोपी भारत द्विवेदी पर मारपीट चंदा वसूली, अवैध शस्त्र सहित 22 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी आशीष चौहान पर मारपीट, अवैध शस्त्र, एससीएसटी एक्ट से संबंधित 04 अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी दीपू उर्फ भोला तिवारी पर मारपीट अवैध शस्त्र से संबंधित 04 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी जय हिंद यादव पर जुआ एक्ट का 1 अपराध पंजीबद्ध है। सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

# राजीनामा नहीं किया तो जान से मारने की दी धमकी, युवक ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर**। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ के रहने वाले व्यक्ति ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए बताया कि आरोपी द्वारा पुराने मामले में उस पर राजीनामा का जबरन दबाव बनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक को आवेदन देने आए उर्दमऊ निवासी कैलाश शिवहरे तनय कमलापत शिवहरे ने बताया कि गढ़ीमलहरा थाने में आरोपी अंकित दीक्षित तनय रज्जू दीक्षित पर धारा 296, 115(2), 324(2), 351(2) बीएनएस के अपराध में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुयी है। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित के परिजनों को राजीनामा के लिए डराया, धमकाया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि प्रकरण में जो भी गवाह हैं उन्हें भी गवाही न देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने कहा कि यदि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की गयी तो वह गंभीर घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी के विरूद्ध प्रकरण में सीसीटीव्ही कैमरे में कैद घटना के अनुसार प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। आरोपी ने पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट की है और उसे बचाने आए अमित शिवहरे के ऊपर घर में रखा डीजल डाल दिया था। पीड़ित ने एसपी से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उचित धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

# तेल निकालने की मशीन से कट गया किसान का हाथ

**छतरपुर**। नौगांव क्षेत्र के ग्राम सड़ेरी के रहने वाले एक किसान के साथ सोमवार को एक बड़ी दुर्घटना हो गई। किसान रामगोपाल कुशवाहा उम्र 45 वर्ष अपने घर की फसल को लेकर बनगांय पहुंचा था। यहां वह तेल निकालने वाली मशीन से अपनी फसल का तेल निकलवा रहा था तभी अचानक उसका हाथ मशीन में फंस गया। चलती मशीन में हाथ फंस जाने के कारण वह कट गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## उधारी मांगने पर दुकानदार को लोहे की रॉड से पीटा बिलहरी में गुण्डई का मामला, अस्पताल पहुंचा युवक

**छतरपुर**। जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में एक सीमेंट व्यापारी को गांव के ही दबंग व्यक्ति से अपनी उधारी मांगना महंगा पड़ गया। दबंग व्यक्ति ने दुकानदार को अपने घर बुलाया और फिर लोहे की रॉड से उस पर हमला करते हुए उसके 50 हजार रूपए भी छीन लिए। मारपीट से घायल युवक को छतरपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



अस्पताल में भर्ती 28 वर्षीय दुकानदार पुष्पेन्द्र प्रतापति ने बताया कि वह गांव में ही सीमेंट की दुकान संचालित करता है। गांव में सरपंची चलाने वाले राघवेन्द्र राजपूत ने उससे विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लगभग 3 लाख रूपए का सीमेंट खरीदा था। जब उसने इस सीमेंट का पैसा मांगा तो राघवेन्द्र राजपूत के द्वारा उसे सुबह पैसा देने के नाम पर अपने घर बुलाया गया। वह दुकान में ही था इसलिए दुकान के 50 हजार रूपए जेब में डालकर दुकान बंद कर राघवेन्द्र राजपूत के घर पहुंच गया। यहां राघवेन्द्र ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए लोहे की रॉड से पीटना शुरू कर दिया और पीटते-पीटते उसके 50 हजार रूपए भी छीन लिए। किसी तरह युवक को परिवार के लोग यहां से नौगांव अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल की ओर रिफर कर दिया। अस्पताल में भर्ती पुष्पेन्द्र प्रजापति ने बताया कि गांव में राघवेन्द्र राजपूत का आतंक है उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

## बरसात में बढ़ा बीमारियों का प्रकोप, ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें कम पडऩे लगे इंतजाम, दो लिफ्टों के खराब होने से मरीज परेशान

**छतरपुर**। बरसात का मौसम शुरू होते ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढऩे लगा है। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों से पीड़ित सैकड़ों मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ी हुई संख्या के कारण जहां अस्पताल के सभी वार्ड भर गए हैं तो वहीं दवा जैसे काउंटर पर भी लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। अस्पताल में मौजूद संसाधन मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण कम पडऩे लगे हैं। सोमवार को यहां बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए परेशान होते नजर आए।



डॉ. शरद मिश्रा ने बताया कि बरसात के आते ही दूषित पानी और खानपान के अलावा मच्छर मक्खियों से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ जाता है। जिला अस्पताल में भी प्रतिदिन वायरल बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल में सुबह की ओपीडी लगभग एक हजार से लेकर 1200 मरीजों तक होती है जो अब 1500 मरीजों से लेकर 2000 तक पहुंच रही है। ओपीडी में बैठे डॉक्टर मरीजों को कतारबद्ध कर इलाज दे रहे हैं तो वहीं एक्सरे, दवा काउंटर और जांच काउंटर पर भी मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल के भवन को पांच मंजिला बना दिया लेकिन ऊपर तक जाने के लिए लगाईं गईं चार में से दो लिफ्टें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग मरीजों को भी सीढिय़ों से ऊपर जाना पड़ रहा है। मरीज के परिजन आजाद मोहम्मद और नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लिफ्ट के खराब होने से उन्हें अपने भर्ती मरीज के उपचार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

